# 701

## कक्षा 11 वीं परीक्षा, 2019–20

## [7401-A]

# HINDI (Special)

# हिन्दी विशिष्ट

[Total No. of Questions: 28] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 100]

*निर्देश :–*

*(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(2) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्वप्रथम हल करें।*

*(3) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए (1X5X5=25) अंक निर्धारित हैं।*

*(4) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।)*

*(5) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।)*

*(6) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।)*

*(7) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए 5–5 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 150 शब्द है।)*

*(8) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3=10) अंक निर्धारित हैं। 'अ' के लिए 7 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 200 से 250 शब्द है तथा 'ब' के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।*

*(9)* प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए – (5×1=5)

(i) खंजन पक्षी का दुःख मिट जाता है –

(अ) शरद ऋतु (ब) बसंत ऋतु

(स) सिसिर ऋतु (द) ग्रीष्म ऋतु

(ii) स्नेह बंध कहानी की लेखिका हैं –

(अ) महादेवी वर्मा (ब) शिवानी

(स) मालती जोशी (द) ममता कालिया

(iii) सरजू भैया गद्य की विधा है –

(अ) संस्मरण (ब) रेखाचित्र

(स) आत्मकथा (द) जीवनी

(iv) हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग कहलाता है –

(अ) रीति काल (ब) वीरगाथा काल

(स) आधुनिक काल (द) भक्ति काल

(v) 'अपना उल्लू सीधा करना' का अर्थ है –

(अ) अपना स्वार्थ सिद्ध करना (ब) आत्म निर्भर बनना

(स) कपटी मित्र होना (द) चापलूसी करना

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति दिये गए विकल्पों में से उचित शब्द का चयन करके कीजिए – (5×1=5)

(i) तुलसीदास के पदों में .............................. रस प्रधान है। (शांत/वीर)

(ii) जननी और जन्मभूमि .......................... से अधिक गौरवशाली होती है। (स्वर्ग/हिमालय)

(iii) सवा सेर गेहूँ कहानी के प्रमुख पात्र का नाम ..........................है। (मोहन/शंकर)

(iv) शांत रस का स्थायी भाव ............................है। (रीति/निर्वेद)

(v) 'उपन्यास' का शाब्दिक अर्थ ............................है। (समीप रखना/सामने रखना)

प्र.3 सही जोड़ी बनाइए – (5×1=5)

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (i) मर्यादा | (अ) जिज्ञासु |
| (ii) प्रसिद्ध हिन्दी गज़लकार | (ब) डॉ. गुलाब कोठारी |
| (iii) समय का मोल | (स) श्लेष |
| (iv) जिसका अर्थ 'चिपका हुआ' | (द) विष्णु प्रभाकर |
| (v) जानने की इच्छा रखने वाला | (इ) दुष्यंत कुमार |
| | (ई) यमक |

प्र.4 सत्य/असत्य का चयन कीजिए – http://www.mpboardonline.com (5×1=5)

(i) नीरा के पिता को अखबार पढ़ने का शौक था।

(ii) रहीम ने विपदा को भला कहा है।

(iii) डॉ. अब्दुल कलाम को "मिसाइल मैन" कहा जाता है।

(iv) मुंशी प्रेमचंद को एकांकी सम्राट भी कहते हैं।

(v) कजरी लोकगीत ग्रीष्म ऋतु में गाया जाता है।

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए – (5×1=5)

(i) महादेवी वर्मा ने बचपन में सबसे पहली कौन सी पुस्तक पढ़ी थी?

(ii) वात्सल्य रस का सम्राट किसे कहा जाता है?

(iii) डॉ. चंद्रशेखर वेंकटरमन के आविष्कार का नाम लिखिए।

(iv) 'अंधे की लकड़ी' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(v) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने किसे 'भाषा का डिक्टेटर' कहा है?

प्र.6 कृष्ण ने किसका घमण्ड चूर करने के लिए गोवर्धन धारण किया था? (2)

<u>अथवा</u>

कवि के अनुसार राम के चरणों से किन–किन का उद्धार हुआ है?

प्र.7 माता कौशल्या बालक राम की नज़र उतारने के लिए क्या–क्या उपक्रम करती हैं? (2)

<u>अथवा</u>

श्री कृष्ण के मुकुट में कौन–सी वस्तु लगी हैं?

प्र.8 सुख और दुःख को किस प्रकार ग्रहण करना चाहिए? (2)

अथवा

गंगा की धार के मध्य स्थित द्वीप कवि को कैसा दिखाई देता है?

प्र.9 कवि भूषण ने अपने छन्दों में किन–किन राजाओं की प्रशंसा की है? (2)

अथवा

कबीर का मन फकीरी में क्यों सुख पाता है?

प्र.10 "यहाँ तो सिर्फ गूँगे और बहरे बसते हैं।" से कवि क्या कहना चाहते हैं? (2)

अथवा

बादलों से मिलने के लिए कौन–कौन से प्राणी आतुर रहते हैं?

प्र.11 फलासक्ति का क्या प्रभाव पड़ता है? (2)

अथवा

सतपुड़ा का गौरव किसे कहा गया है?

प्र.12 गाय के दूध से माँ के दूध की तुलना क्यों नहीं की जा सकती है? (2)

अथवा

कोणार्क मंदिर कहाँ स्थित है?

प्र.13 "भोलाराम की दरख्वास्तें उड़ रही हैं" उन पर 'वजन' रखिए। वाक्य में वजन शब्द किसकी ओर संकेत कर रहा है? (2)

अथवा

शंकराचार्य और मण्डन मिश्र के बीच हुए शास्त्रार्थ का निर्णायक कौन था?

प्र.14 बन्दी पिता का पत्र किसने, किसे संबोधित कर लिखा है? (2)

अथवा

शास्त्री जी के चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र.15 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए – (2)

(i) घी के दीये जलाना

(ii) चार चाँद लगाना

**अथवा**

निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए –

(i) तर्क से संबंधित

(ii) जो क्षमा करने योग्य न हो

प्र.16 अभिधा शब्द शक्ति की परिभाषा लिखिए। (2)

**अथवा**

छन्द किसे कहते हैं?

प्र.17 सवा सेर गेहूँ उधार लेने के बाद शंकर को क्या–क्या कष्ट सहने पड़े? (3)

**अथवा**

रामेश्वरम् मंदिर के पास डॉ. कलाम संध्या का समय किस प्रकार व्यतीत करते थे?

प्र.18 भ्रान्तिमान अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। (3)

**अथवा**

रस के अवयव (अंग) लिखिए। वात्सल्य रस का उदाहरण लिखिए।

प्र.19 मुहावरे और लोकोक्ति में तीन अंतर लिखिए। (3)

**अथवा**

विस्मयादिबोधक चिह्न का प्रयोग कहाँ किया जाता है? उदाहरण लिखिए।

प्र.20 रीतिकाल की चार प्रवृत्तियाँ (विशेषताएँ) लिखिए। (4)

**अथवा**

निर्गुण काव्य धारा और सगुण काव्य धारा में अंतर लिखकर प्रमुख चार कवियों के नाम लिखिए।

प्र.21 कहानी की परिभाषा लिखिए। कहानी के तत्वों को लिखिए। (4)

**अथवा**

जीवनी एवं आत्मकथा में चार अंतर लिखिए।

प्र.22 मीराबाई अथवा गिरिजा कुमार माथुर का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (4)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाव पक्ष–कला पक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.23 आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी अथवा हरिशंकर परसाई का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (4)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा – शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.24 निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ – प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए – (4)

धर्म और उदारता के उच्च कर्मों के विधान में ही एक ऐसा दिव्य आनंद भरा रहता है कि कर्ता को वे कर्म ही फल–स्वरूप लगते हैं। अत्याचार का दमन और क्लेश का शमन करते हुए चित्त में जो उल्लास और तुष्टि होती है वही लोकोपकारी कर्म–वीर का सच्चा सुख है।

अथवा

गगन से सूर्योदय के प्रकाश का अमृत झरता है। किरणें फूटती हैं और रश्मि–सेतु सूर्य से लेकर धूपगढ़ की चोटी तक बन जाता है। इसे देखना अच्छा लगता है। इस रश्मि सेतु पर चलकर सूर्य तक कोई बिरला ही पहुँचता है।

प्र.25 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ – प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए – (4)

मैया, मैं तौ चंद खिलौना लैहौं।

जैहों लोटि धरनि पर अबहीं, तेरी गोद न ऐहौं।।

सुरभी कौ पय पान न करिहौं, बेनी सिर न गुहैहौं।

ह्वै हौं पूत नंद बाबा कौ, तेरौ सुत न कहैहौं।

अथवा

सिसिर में ससि को, सरूप पझवै सविताऊ।
घामुहुँ में चाँदनी की दुति दमकति है।
सेनापति होती सीतलता है सहस गुनी,
रजनी की झाईं, बासर में झमकति है।।

प्र.26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

कर्मभीरु मनुष्य काम करने से डरता है, काम को देखकर भयभीत होता है। वह परात्र और पराश्रय पर अपना जीवन–निर्वाह करता है। स्वावलंबन और आत्म–निर्भरता उससे कोसों दूर खड़ी रहती है। न उसमें उनके आवाहन की शक्ति होती है और न आदर की। क्या आपने कभी सोचा है कि इस प्रकार के कर्मभीरु मानव के पुरुषार्थ और शक्ति को उससे किसने छीन लिया? वह अकर्मण्य क्यों बन बैठा? उदासी ने उसके जीवन में घर क्यों बना लिया? इन सब प्रश्नों का आप केवल एक ही उत्तर पाएँगे कि उसके सुनहरे जीवन को आलस्य रूपी कीटाणुओं ने खोखला बना दिया है। आलस्य मानव–जीवन का सबसे बड़ा शत्रु है, जो उसकी समस्त सृजनात्मक और रचनात्मक शक्तियों को छीनकर उसे मिट्टी का लौंदा बना देता है।

(i) उक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए। (1)

(ii) कर्मभीरु कौन है? (1)

(iii) कर्मभीरु किस पर अपना जीवन निर्वाह करता है? (1)

(iv) मनुष्य के जीवन को किसने खोखला बना दिया है? (1)

(v) 'कर्मण्य' का विलोम लिखिए। (1)

प्र.27 अपने विद्यालय के प्राचार्य को निर्धन छात्र कोष से छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र लिखिए। (5)

<u>अथवा</u>

हाई स्कूल परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए – (7)

(i) विद्यार्थी और अनुशासन

(ii) इन्टरनेट : आज की आवश्यकता

(iii) वन संरक्षण का महत्व

(iv) स्वच्छ भारत अभियान

(ब) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए – (3)

(i) जीवन में खेलों का महत्व

(ii) पर्यावरण प्रदूषण : समस्या और समाधान

(iii) विद्यालय का वार्षिकोत्सव

(iv) भारतीय समाज में नारी का स्थान

---